Center for
Prevention Programs
and Partnerships

क्यों लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम रणनीति आपके राज्य के लिए मददगार है

रोकथाम पर केंद्रित अभिगम

राज्य-स्तरीय लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम (TVTP) रणनीति आपके राज्य के संसाधनों को अनन्य और क्रियाशील खतरे के माहौल के अनुरूप बनाने के लिए स्थायी मार्गदर्शन, शासन और संरचना प्रदान करने का एक प्रभावी तरीका है। रोकथाम संभव होने का संकेत जनता को देने के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण तरीका है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कानून प्रवर्तन, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक सेवाओं और सरकार सहित कई क्षेत्रों से प्रतिबद्धता, सहयोग और नेतृत्व मिलने पर एक सफल कार्यान्वयन और दीर्घकालिक प्रभाव मिलता हैं।

राज्य की TVTP रणनीति का उद्देश्य किसी भी व्यक्ति द्वारा हिंसक कृत्य होने से पहले उस कृत्य के जोखिम के कारणों को और प्रतिकूल परिणामों की संभावना को कम करने के सुरक्षात्मक कारणों को सुदृढ़ करना है। यह अभिगम संपूर्ण आबादी के व्यापक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर जोर देता है। इसके परिणामस्वरुप, लक्षित हिंसा और आतंकवाद की रोकथाम का व्याप कानून प्रवर्तन से कहीं अधिक है। TVTP को दशकों के हिंसा रोकथाम अनुसंधान और अभ्यास - व्यवहारिक स्वास्थ्य (मानसिक स्वास्थ्य और पदार्थ का दुरुपयोग), सार्वजनिक स्वास्थ्य और कानून प्रवर्तन व्यवसायी द्वारा सामूहिक कार्रवाई - से मिली हुई जानकारी से बनाया गया है और इसमें ऐसे कार्यक्रम शामिल हैं जो व्यक्तियों, साथियों, परिवारों, समुदायों और समाज की सहायता करते हैं।

रणनीति के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए CP3 की ब्लूप्रिंट: "एक रास्ता"

स्थानीय आवश्यकताओं, जोखिमों, चुनौतियों और सांस्कृतिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए, CP3 ने हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के साथ-साथ उनकी प्राथमिकताओं की पहचान करने में राज्यों की सहायता के लिए प्रमुख पडाव तैयार किए हैं। रणनीति विकास के लिए एक व्यापक रूपरेखा में निम्नलिखित प्रारूप होना चाहिए:

- जोखिम मूल्यांकन और संसाधन आवंटन
- सहयोग रूपरेखाएं
- राज्य और CP3 कार्रवाई आइटम्स
- आगामी गतिविधियों के लिए एक विस्तृत, चरणबद्ध अभिगम
- मापन और मूल्यांकन प्रणाली

राज्यों को एक मजबूत TVTP रणनीति तैयार करने की जटिलताओं से निपटने के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के हेतु यह ब्लूप्रिंट तैयार की गई है ।



TVTP राज्य रणनीतियों के माध्यम से संबोधित किए जाने वाले महत्वपुर्ण क्षेत्र

संसाधनों को साझा करके, स्थानीय और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से संबंधों को बढ़ावा देकर और साथ ही ज़रूरत पड़ने पर प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करके, राज्य आशास्पद हस्तक्षेपों की सहायता, स्तर और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक राज्य, TVTP रणनीति सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करते हुए, भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ सौंपकर विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को समाविष्ट करने को बढ़ावा देता है।

CP3 के साथ कार्य करना

CP3 TVTP रणनीति विकास की सहायता कैसे करता है

- राज्य नेतृत्व से मदद लेना
- राज्य TVTP रणनीति कार्यशालाओं का आयोजन करना
- डिलिवरेबल्स का निर्धारण करना
- राज्य की रणनीतियों का मसौदा तैयार करना

- www.dhs.gov/publication/state-tvtp-strategy-development-cp3-prevention-resource पर CP3 राज्य रणनीति लक्षित हिंसा रोकथाम संसाधन देखे।
- रोकथाम संसाधन खोजक वेबसाइट www.dhs.gov/prevention पर हिंसा रोकथाम संसाधनों के व्यापक संग्रह को एक्सेस करें।
- www.dhs.gov/tvtpgrants पर वार्षिक वित्त पोषित अवसर सूचना सहित लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम (TVTP) अनुदान कार्यक्रम के बारे में जानें ।
- CP3 उपक्रमों के बारे में जानने, हमारे कार्यक्रमों में भाग लेने, हमसे जुड़ने या सामान्य पूछताछ के लिए कृपया हमारे हमसे संपर्क करें पृष्ठ पर जाएं या नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स के बारे में

राज्य रणनीति TVTP संसाधन

आज ही हमारे न्यूज़लेटर के लिए साइन-अप करें *"सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स" को चुनें*

अपने स्थानीय क्षेत्रीय रोकथाम समन्वयकर्ता से संपर्क करें